>

Title: Regarding opening of Kendriya Vidyalaya in Indore, Madhya Pradesh.

श्री शंकर लालवानी (इन्दौर): अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान मध्य प्रदेश के इंदौर शहर की ओर दिलवाना चाहता हूं । इंदौर की पॉपुलेशन 28 लाख से ज्यादा हो गयी है । लेकिन यह बड़े दुख की बात है कि वहां दो ही केन्द्रीय विद्यालय हैं । यह मांग लम्बे समय से की जा रही है कि वहां तीन केन्द्रीय विद्यालय और खोले जाएं । आपके माध्यम से मेरी यह मांग है कि इंदौर में तीन केन्द्रीय विद्यालय और खोले जाएं । दूसरा, जब तक केन्द्रीय विद्यालय खोले जाते हैं तब तक जो दो स्कूल्स चल रहे हैं, उनमें कक्षाएं बढ़ायी जाएं, सत्र बढ़ाए जाएं । तीसरा, यह भी हो सकता है कि तब तक उन दो स्कूल्स को दो शिफ्ट में किया जा सकता है ताकि छात्रों को एडमिशन मिल सके । मैं एक मांग और रखना चाहता हूं कि आपने सांसदों की अनुशंसा के लिए दस का कोटा बनाया है, इसको बढ़ाकर 50 किया जाना चाहिए । यही मेरा आपके माध्यम से निवेदन है ।